पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी

Taking a bite out of crime 24/7

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

हारजीत की बाजी लगाते 8 गिरफ्तार

चिरगाँव (झाँसी) : पुलिस ने पट्टी कुम्हर्रा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पेड़ के नीचे हारजीत की बाजी लगाते 8 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को आज मुखबिर से सूचना मिली कि पट्टी कुम्हर्रा जाने वाले कच्चे रास्ते पर सन्तोष सिंह राजपूत के खेत मे बबूल के पेडों के बीच से आठ युवक हारजीत की बाजी लगा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर विकास कुमार निवासी मेन रोड हँसारी थाना प्रेमनगर, झाँसी, राहुल कुशवाहा निवासी पुलिया नम्बर 9 थाना प्रेमनगर, झाँसी, कमलेश कुशवाहा निवासी आवास विकास कॉलनि, सीपरी बाजार झाँसी, देवेन्द्र योगी निवासी भाण्डेर चुंगी थाना चिरगाँव, अशोक कुमार निवासी ग्राम साकिन थाना समथर, दीपक गुप्ता निवासी कलेक्टरगंज थाना चिरगाँव, रामकुमार पटेल निवासी दतिया गेट थाना कोतवाली, झाँसी, संजय राजपूत निवासी मोहल्ला नहार घाटी थाना चिरगाँव को पकड़ लिया। एक युवक फिरोज खान निवासी परातरी मोहल्ला थाना चिरगाँव फरार हो गया। आरोपियो पर पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस ने पकड़े सटोरिए

जालौन। सट्टे की पर्चीं लिखते हुए सटोरिये को पुलिस ने पकड़ लिया।। पुलिस को सूचना मिली कि चुंगी नंबर चार के पास एक युवक लोगों को अधिक रुपये मिलने का लालच देकर सट्टे के नंबर लगवा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सट्टे के नंबर लिखते हुए आमिर निवासी कटरा को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। (संवाद)

आइपीएल का सट्टा खिलाते 1 युवक पकड़ा

मऊरानीपुर (झाँसी) : इन दिनों आइपीएल का क्रिकेट मैच चल रहा है। सट्टा कारोबारी सक्रिय बने हुए है। प्रत्येक गेंद पर लाखों का सट्टा लग रहा है। ज्यादातर सट्टा खेलने वाले बर्बाद हो रहे है। खिलाने वालों की पौ-बारह बनी हुई है। पुलिस ने आज इस मामले में मुहल्ला छिपांत निवासी बृजमोहन छीपा को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा। जुआ ऐक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे छोड़ दिया गया।